## एक नजर में

### सांप के काटने से युवक की मौत

**सारंगपुर28 मई, सं.** ग्राम लीमा चौहान थाने के अंतर्गत ग्राम धामंदा निवासी 33 वर्ष युवक को अपनी दुकान में कार्य करने के दौरान सांप ने डस लिया जिससे शाजापुर ले जाते समय युवक की मौत हो गई सारंगपुर पुलिस ने जीरो पर कायमी कर युवक का शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौप जाएगा, सारंगपुर पुलिस के एस आई सुरेश मेवा? ने बताया की राकेश पिता गोविंद विश्वकर्मा उम्र 33 वर्ष निवासी धामंदा थाना लीमा चौहान अपनी पंचर की दुकान मे बुधवार को दोपहर 2बजे के लगभग कार्य कर रहा था इसी दौरान उसको सांप ने काट लिया परिजनों एवं ग्रामीणों को जानकारी लगते ही तुरंत ही युवक को अस्पताल ले गए जहा शाजापुर के अस्पताल में पहुंचने से पहले ही युवक ने दम तोड़ दिया, जिसकी सूचना सारंगपुर थाने को दी जहां पर शासकीय सिविल अस्पताल में युवक का पोस्टमार्टम कराकर पुलिस शव परियोजनाओं को सपेगी, फिलहाल पुलिस ने जीरो पर कायमी कर प्रकरण को लीमा चौहान थाने में भेजा जायेगा.

### मन की बात को लेकर भाजपा की बैठक

**पडाना 28 मई, सं.** भाजपा मंडल पडाना के शक्ति केंद्र मगराना में मन की बात कार्यक्रम को बैठक में मंडल एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया. बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ पर किसानों एवं आमजन तक पहुँचाया जाएगा. कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि टीवी एवं मोबाइल के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को कार्यक्रम से जोड़ा जाए. बैठक में सरपंच महेश जाट, धर्मेंद्र परमार एवं श्याम परमार विशेष रूप से उपस्थित रहे. इस दौरान राजेंद्र पाटीदार, देवीलाल मालवीय, घनश्याम, जाट सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे.

### गुलावता के शक्ति केंद्रों की बैठकें संपन्न हुईं

**सारंगपुर 28 मई, सं.** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत लगने वाले ग्रामीण मंडल गुलावता की सभी शक्ति केंद्रों की मासिक बैठक संपन्न हुई. जिसमें अति आवश्यक कामकाजी बैठक संबंधित एवं केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों पर चर्चा कर आम जनता पहुंचाना एवं सभी बूथ पर प्रधानमंत्री के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को सुना जाना हर बूथ पर कार्यक्रम संपन्न हो मंडल प्रभारी बनवारी सोनी के निर्देशानुसार प्रत्येक बूथ पर मन की बात का प्रबंधन सुनिश्चित किया जाना चाहिए. सभी शक्ति केंद्रों की मॉनिटरिंग मंडल अध्यक्ष गिरवर सिंह भंडारी, रघुराज सिंह सोलंकी, डॉ बालू सिंह वर्मा, मंडल महामंत्री देवनारायण नागर, जनपद अध्यक्ष राजेश पाटीदार, मोहन सिंह पाल, पुरुषोत्तम पाटीदार, पटेल बाबूलाल पाल, हेमराज सिंह नागर, राजेंद्र सिंह भिलाला, दिनेश नागर, कमल जावरिया, सुरेश नागर आदि शामिल रहे.

### गीता प्रवचन का विकारों की आहुति से समापन

**ब्यावरा 28 मई, का.** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा ग्राम कालीपीठ में सभी ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय गीता प्रवचन के समापन दिवस पर प्रवचनकर्ता ब्रह्माकुमारी सुरेखा दीदी ने कहा कि गीता ज्ञान हमें श्रेष्ठ कर्म करने की प्रेरणा देता है. जब व्यक्ति श्रेष्ठ कर्म करता है, तो परिवार, समाज और राष्ट्र सभी का भाग्य श्रेष्ठ बन जाता है. भगवत गीता ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला. बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया.

# धरती को चीर भूगर्भीय जल को सुखा रहा तापमान

## जिले में लगातार घट रहा भूमिगत जल का स्तर, सरकारी आंकड़ों में ही मार्च में 110 ट्यूबवेल बंद

**वृहद जल परियोजनाओं के बाद भी गिरता भू-जल स्तर बना चिंता का विषय**
**पेयजल से लेकर तीसरी फसल तक किसान और आमजन भू-जल पर निर्भर**

नवभारत न्यूज

**राजगढ़/ब्यावरा 28 मई, का. भीषण गर्मी का असर जल, जीवन पर प्रभावी तौर पर पड़ रहा है. तापमान की उग्रता की व्यापकता का असर यह है कि वह धरती को चीरकर भूगर्भीय जल को भी सुखाने में सक्षम हो रहा है. यहीं कारण है कि जिले का जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है. औसत रूप से जिले का जल स्तर 200 फिट तक नीचे चला गया है.**

जिले में एक ओर मोहनपुरा और कुंडालिया जैसी वृहद जल परियोजनाओं का देश ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उल्लेख किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर जिले में लगातार गिरता भू-जल स्तर गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है. विभिन्न रिपोर्ट और सर्वे इस बात की पुष्टि कर रहे हैं कि पर्याप्त जल संरचनाओं के बावजूद जिले में भू-जल का स्तर लगातार नीचे जा रहा है.

जिले में मोहनपुरा और कुंडालिया परियोजना सहित कई बड़े बांध सिंचाई के नाम पर वर्षों पहले बनाए गए थे. इसके बावजूद जिले की अधिकांश आबादी आज भी पेयजल और कृषि कार्यों के लिए भू-जल पर ही निर्भर है. अधिकांश समूह जल योजनाएं ट्यूबवेल आधारित हैं, जबकि किसान भी तीसरी फसल के लिए कुओं और बोरवेलों पर आश्रित रहने को मजबूर हैं.

जानकारों के अनुसार गेहूं और सोयाबीन की फसल के बाद मार्च-अप्रैल में बांधों से सिंचाई का पानी बंद कर दिया जाता है. ऐसे में मूंग, उड़द जैसी तीसरी फसल लेने के लिए किसानों को भूमिगत जल का ही सहारा लेना पड़ता है. लगातार दोहन के कारण जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है.

### औसतन 3 प्रतिशत दोहन बढ़ा, रिचार्ज का पता

**ब्लॉक वॉर वाटर लेबल की स्थिति मीटर में**

| ब्लॉक | गर्मी में | बरसात में |
|---|---|---|
| राजगढ़ | 28 | 17 |
| ब्यावरा | 42 | 28 |
| खिलचीपुर | 41 | 22 |
| जीरापुर | 42 | 24 |
| नरसिंहगढ़ | 48 | 26 |
| सारंगपुर | 58 | 26 |

**केंद्रीय भू जल बोर्ड की रिपोर्ट वर्ष 2020- 21 और 2020-25 की प्रतिशत में दोहन प्रतिशत में**

| ब्लॉक | 2020 | 2025 |
|---|---|---|
| राजगढ़ | 69.96 | 72.63 |
| ब्यावरा | 79.16 | 88.14 |
| खिलचीपुर | 87.29 | 89.46 |
| जीरापुर | 74.04 | 77.68 |
| नरसिंहगढ़ | 95 | 95.41 |
| सारंगपुर | 98.18 | 107.81 |
| जिले की औसत | 84 | 88.52 |

विशेषज्ञों के मुताबिक जल स्तर मापने के दो प्रमुख पैमाने होते हैं. पहला कुओं में जल की गहराई और दूसरा हैंडपंप या बोरवेल में डाले जाने वाले पाइपों की संख्या. जल स्तर गिरने की स्थिति का अंदाजा इसी से लगाया जाता है. आंकड़ों के अनुसार गत अप्रैल माह में करीब 110 बोरवेल बंद हो चुके थे, जबकि वर्तमान में जिले में 200 से अधिक जल स्रोत सूखने की स्थिति में पहुंच चुके हैं.

### प्रदेश में दूसरा सबसे गर्म हमारा जिला

**46 डिग्री तापमान**



#### पांच साल के औसत आंकड़ों में गर्मी को पीछे छोड़ा, शाम 8 बजे तक लू का अहसास रहा

जिले में बीते पांच वर्षों के आंकड़ों पर नजर डाले तों औसतन नौतपे में अधिकमत तापमान 39 से 35 डिग्री के बीच रहा है. लेकिन इस वर्ष यह पिछले पांच सालों के रिकॉर्ड तोड़कर सीधा 41 डिग्री पर जा पहुंचा है. आंकड़ों मुताबिक वर्ष 2025 में औसत अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री जबकि न्यूनतम 21.3 डिग्री, 2024 में यह 39.1 और 28.55, 2023 में 36.6 और 26.15 जबकि 2022 में यह 40.2 और 27.8 डिग्री रहा था. इस मर्तबा शुरू के 4 दिनों में ही अधिकतम औसत 42 डिग्री जबकि न्यूनतम औसत 30 डिग्री पहुंच गया. मौसम विभाग के अनुसार गर्मी अभी इसी प्रकार आने वाले तीन से चार दिनों तक रहेगी. हालांकि हवाओं ने थोडी राहत दी है. लेकिन लू का ऑरेंज अलर्ट लगातार जारी है और मौसम विभाग के रोज की रिपोर्ट में सामने आ रहा है. प्री मानसून के नोतपे में आने जैसी स्थिति अभी सिर्फ अनुमानी तौर पर लगाई जा रही है.

### लगातार गिरता जल स्तर चिंता का विषय

केंद्रीय भू-जल बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार जिले में भूमिगत जल को रिचार्ज करने के लिए प्रभावी और परिणाममूलक पहल की आवश्यकता है. केवल प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियां गिनाने से समस्या का समाधान नहीं होगा. इसके लिए ठोस कार्ययोजना और जमीनी स्तर पर प्रभावी अमल जरूरी है.

### रिचार्ज पिट और ट्रेंच निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल

जिले में रिचार्ज के नाम पर मनरेगा और पंचायत निधि से रिचार्ज पिट तथा ट्रेंच नालों का निर्माण कराया जा रहा है. हालांकि इन निर्माण कार्यों की वास्तविक उपयोगिता और गुणवत्ता मॉनिटरिंग पर निर्भर है. निर्माण के दौरान निगरानी किस स्तर पर हो रही है, इसका वास्तविक परिणाम आने वाले समय में ही सामने आ सकेगा.

*हमारे जिले में करीब 40 से 50 फीट नीचे कठोर सतह है. जिस तरह पाइप डालकर जमीन के भीतर के पानी का दोहन किया जाता है, उसी प्रकार शाफ्ट डालकर रिचार्ज किया जाए तो तेजी से जल स्तर सुधारा जा सकता है.*

**आरजी नागर,**
**भू-जल वैज्ञानिक, राजगढ़**

### तापमान की बढ़त में शीतलता प्रदान करता जल

**ब्यावरा 28 मई, का.** आग उगलने वाली भीषण गर्मी में रेलवे का सफर यात्रियों को सबसे अधिक ठंडे पानी के लिये परेशान करता है. हर स्टेशन पर सार्वजनिक नलों में गर्म पानी हाथ में लेने लायक नहीं होता है. ऐसे में उसे पीना तो संभव ही नहीं है. लाल सुर्ख होते लोहे के बने रेल के डिब्बे और खिड़कियों से लू की लपट जब जिस्म जला देती है तो पानी का गर्म होना स्वभाविक है. ऐसी स्थिति में अगर रेलवे स्टेशन पर ठंडा पानी मिल जाए तो यात्रियों को इससे बड़ी राहत दूसरी नजर नहीं आती है. प्रसन्नता का विषय है कि ब्यावरा रेलवे स्टेशन पर कुछ समाजसेवी संस्थाओं से जुड़े सेवाभावी लोग आम यात्रियों को शीतल जल उपलब्ध कराकर सेवा का उल्लेखनीय, सराहनीय कार्य कर रहे है. ब्यावरा जागृति महिला मंडल के साथ सामाजिक रूप से सेवाकार्य में जुटे कई लोग प्रतिदिन रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर यात्रियों को शीतल जल पिलाकर पुण्य का कार्य कर रहे है.रचना भार्गव ने बताया कि यह सिलसिला पूरे एक माह भीषण गर्मी के दौरान तक चलने वाला है. उन्होंने सभी से इस पुण्य कार्य में सहभागिता निभाने का आह्वान किया है. इस सेवा कार्य में समाजसेवी माताएं, बहने और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल होकर स्टेशन पर आने वाली ट्रेनों में यात्रियों को नि:शुल्क शीतल जल पिलाकर उनको अपार खुशी प्रदान कर रहे है.

## प्रेम प्रसंग के चलते मोबाइल टावर पर चढ़ी युवती

### बड़ी मशक्कत के बाद नीचे उतारा



नवभारत न्यूज

**सुठालिया 28 मई, सं. गुरुवार शाम को नगर के बस स्टेंड के पास मधुसुदनगढ रोड के समीप स्थित सिंगीजी की बाड़ी में लगे एक मोबाइल टावर पर मधुसूदनगढ़ रोड निवासी एक बीस इक्कीस वर्षीय युवती चढ़ गई. युवती ने टावर पर चढ़ने की खबर के तुरंत बाद पुलिस बल मौके पर पहुंचा. इस दौरान नगर में यह खबर तेजी से फैलने के बाद वहां देखने वालों का हुजूम उमड़ पड़ा.**

पुलिस द्वारा युवती से बात करने पर मामला प्रेम प्रसंग का सामने आया और युवती उसके प्रेमी को मौके पर बुलाने की जिद पर अढ़ गई नहीं तो वह टावर से कूद कर जान देने पर उतारू थी. इस दौरान युवती से उक्त प्रेमी युवक के मोबाइल नंबर लेकर उसे बुलाया गया. करीब 1 घंटे बाद उक्त युवक मौके पर पहुंचा तो युवक के कहने पर वह मोबाइल टावर से नीचे उतरी.

#### अपने प्रेमी से शादी करने के लिए अड़ी

युवती के प्रेमी युवक से शादी करने के लिए अड़ी थी दोनो को पुलिस मौके से थाने ले आई थी मामले में समाचार लिखकर जाने तक युवक युवती के परिजनों को पुलिस थाने बुलाकर बात चित कर रही थी.

## अपहृत नाबालिगा को 24 घंटे में परिजनों को सौंपा

**बोड़ा 27 मई, सं.** थाना बोडा पुलिस द्वारा अपहृत नाबालिग बालिका को 24 घंटे के अंदर सकुशल दस्तयाब किया है. एसडीओपी नरसिंहगढ़ सुश्री मिनी शुक्ला आईपीएस के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बोडा उपनिरीक्षक देवेंद्र राजपूत के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई की गई. बीते 25 मई को फरियादी द्वारा थाना बोडा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसकी नाबालिग उमरी महाराज मंदिर से बिना बताए कहीं चली गई है. रिपोर्ट पर थाना बोडा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई. पुलिस टीम द्वारा नाबालिग बालिका को 24 घंटे के अंदर सुरक्षित दस्तयाब कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है.

## आत्महत्या के लिए उकसाने और ब्लैकमेलिंग के दो मामले दर्ज

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 28 मई, का. जिले में महिलाओं को प्रताड़ित करने और आत्महत्या के लिए उकसाने के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं. एक मामले में युवती को फोटो वायरल करने की धमकी देकर जहरीला पदार्थ पीने पर मजबूर करने का आरोप है, जिसेमें युवक ने उसे जहरीला पर्दाथ खाने के लिए मजबूर किया, जबकि दूसरे मामले में दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताडित किया गया है. जिस पर थाने में मामला दर्ज किया गया है. पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

### दहेज प्रताड़ना से तंग विवाहिता ने लगाई फांसी

राजगढ़ जिले के रामपुरिया गांव में विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने पति देवराज तंवर और ससुराल पक्ष के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार विवाहिता को दहेज की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था, जिससे परेशान होकर उसने आत्मघाती कदम उठा लिया. मामले में धारा 498ए, 306 आईपीसी एवं 85, 3(5) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर जांच की जा रही है. आरोपी पक्ष फिलहाल फरार बताया जा रहा है.

### फोटो वायरल की धमकी से युवती ने पिया कीटनाशक

खिलचीपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने आरोपी बालचंद वर्मा निवासी गाड़ियाखेड़ा के खिलाफ धारा 108 बीएनएस एवं 306 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार आरोपी ने युवती को फोटो वायरल करने की धमकी दी, जिससे प्रताड़ित होकर युवती ने कीटनाशक दवा पी ली. मामले की जांच मर्ग क्रमांक 34/26 के आधार पर की गई. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है.

## महंगाई के विरोध में कांग्रेस का मेलोडी मार्च



नवभारत न्यूज

**जीरापुर 28 मई, सं.** नगर में यूथ कांग्रेस ने पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों के विरोध में प्रदर्शन किया. कांग्रेस कार्यालय से कागेसीयों ने पैदल मार्च निकाला, जो नगर के प्रमुख मार्गो से गुजरा. इस दौरान उन्होंने पेट्रोल पंपों पर पहुंचकर लोगों को मेलोडी टॉफियां बांटीं. पेट्रोल पंपों पर डीजल और पेट्रोल लेने आए वाहन चालकों को मेलोडी टॉफी देते हुए कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए. विरोध प्रदर्शन के दौरान बढ़ती महंगाई को लेकर हमने पेट्रोल पंप पर आने-जाने वालों को चॉकलेट बताकर विरोध प्रदर्शन किया और हम लोग चंदा इकट्ठा कर एक साइकिल खरीद कर सांसद रोडमल नागर को पचोर स्थित आवास पर जाकर भेंट करेंगे ताकि बढ़ती ईंधन कीमतों की विरोध का संदेश दिया जा सकेगा.



## बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने हाईवे जाम किया

### ब्यावरा में 15 गांवों के लोगों ने किया प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 28 मई, सं.** ब्यावरा में बिजली कटौती से परेशान 15 गांवों के ग्रामीणों ने बुधवार देर रात नेशनल हाईवे-52 पर जाम लगा दिया. खुरी ग्रिड के सामने बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हुए और बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया. इस दौरान लगभग आधे घंटे तक हाईवे पर यातायात बाधित रहा. जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं.

ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले कई दिनों से सुबह 8 बजे से 11 बजे तक नियमित रूप से बिजली बंद की जा रही है. रात में भी बार-बार बिजली गुल होने से लोग परेशान हैं. नौतपा की भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती ने उनकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं.

**लोग रातभर जाग रहे** बिजली कटौती के कारण पेयजल व्यवस्था प्रभावित हो रही है. घरों में पंखे-कूलर बंद रहने से लोगों को रातभर जागना पड़ रहा है, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ गई है. प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अनियमित कटौती तत्काल बंद करने की मांग की. उनका कहना था कि बार-बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है. जिससे उनमें नाराजगी बढ़ती जा रही है.

हाईवे जाम की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे. तहसीलदार आनंद जायसवाल, एसडीओपी प्रकाश शर्मा और बिजली विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें समझाने का प्रयास किया. हालांकि, ग्रामीण संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई और बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग पर अड़े रहे.

लगभग आधे घंटे चले प्रदर्शन के बाद, अधिकारियों के आश्वासन पर ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया. इसके बाद नेशनल हाईवे पर यातायात सामान्य हो सका. ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वे अपना आंदोलन और उग्र करेंगे. इस प्रदर्शन में जनपद सदस्य अनिल सौंधिया, महेश सोंधिया, सरपंच कृष्णापाल और जनपद सदस्य सुनील दांगी सहित ग्रामीण और किसान शामिल रहे.

## अपराध


### नाबालिग की खरीद-फरोख्त और दुष्कर्म के मामले में 5 आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

# 12 वर्षीय बच्ची की शादी के मामले में गंभीर धाराओं में मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 28 मई, का. पुलिस और प्रशासन के लाख सख्ती, कोशिशों के बाद भी जिले में बाल विवाह पर अंकुश नहीं लग पा रहा है. पुलिस और प्रशासन की टीम लगातार शादी, सम्मेलनों, ग्रामीण अंचलों और शिकायत मिलने वाली जगहों पर रात दिन दबिश दे रही है लेकिन बाल विवाह करवाने लोग लगातार कानून को अपने हाथ में लेकर बेटियों का जीवन और भविष्य बर्बाद करने से बाज नहीं आ रहे है.**

राजगढ़ पुलिस ने फिर से ऐसे ही एक अत्यंत संवेदनशील मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ हुए बाल विवाह, दैहिक शोषण, प्रताड़ना और उसकी खरीद-फरोख्त के सनसनीखेज मामले का पर्दाफाश किया है. पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामले के 6 नामजद आरोपियों में से 5 को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य आरोपी की तलाश जारी है.



**शराब पिता की मौत के बाद उसकी बेटी का सौंदा** शिकायत के अनुसार 12 वर्षीय पीड़ित बालिका के पिता की जनवरी 2025 में अत्यधिक शराब के सेवन के कारण मृत्यु हो गई थी. पिता की मौत के बाद पीड़िता की मां की दूसरी शादी पवन उर्फ परमाल गुर्जर निवासी गुना से करा दी.इसके बाद आरोपी पवन गुर्जर पीड़िता और उसकी मां को राजगढ़ ले आया. यहाँ मिलीभगत के तहत 3 फरवरी 2025 को आरोपियों ने 12 वर्षीय बालिका की शादी भोला उर्फ भोलाराम गुर्जर (26 वर्ष) से करवा दी. इस बाल विवाह के एवज में आरोपियों ने 8 लाख नकद और 4 लाख के जेवरात भी लिए. शादी की रात ही आरोपी भोलाराम ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया.

आरोपी पवन गुर्जर ने नाबालिग पर गलत नजर रखते हुए उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया. कुछ समय बाद पवन पीडिता की मां को छोड़कर भाग गया. इसके बाद पीडिता की मां की तीसरी शादी राजस्थान में करा दी और पीडित बालिका को राजगढ़ में आरोपी शैतानबाई के घर छोड़ दिया. वहां एक साल रहने के दौरान आरोपी देवराज गुर्जर ने उसके साथ दुष्कर्म किया. लडकी से दुर्व्यवहार कर घर का सारा काम कराया जाता था.

**ऐसे बची मासूम की जान** जब मामला कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक मंजू मखैनिया के संज्ञान में आया, तो उन्होंने संवेदनशीलता दिखाते हुए बच्ची को मनोवैज्ञानिक रूप से सहज किया, जिसके बाद पीड़िता ने अपनी आपबीती सुनाई.

थाना कोतवाली राजगढ़ में अपराध क्रमांक 350/2026 के तहत सभी 6 आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, पोक्सो एक्ट, जेजे एक्ट और बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है.

### ये हैं बाल विवाह, दुष्कर्म और बेटी का सौदा करने वाले

पकड़े गए आरोपियों में भोला उर्फ भोलाराम पिता रामसिंह गुर्जर उम्र 26 साल निवासी चुकलिया थाना मलावर (कथित पति), देवराज पिता भजनसिंह गुर्जर निवसी गोनियावे थाना चॉचौड़ा जिला गुना (दुष्कर्म का आरोपी), सागर गुर्जर पिता मानसिंह गुर्जर उम्र 50 साल निवासी ग्राम तुलसीपुरा थाना राजगढ़ (कृत्य में सहयोगी), शैतानबाई पति स्व. भगवानसिंह वर्मा उम्र 35 साल निवासी संकटमोचन आवास कालोनी राजगढ़ (बंधक बनाकर प्रताडित करने वाली), पीड़िता की मां पवन उर्फ परमाल गुर्जर पिता दौलत सिंह निवासी ग्राम लहरचा चक थाना चॉचौड़ा जिला गुना शामिल है. फरार पवन उर्फ परमाल गुर्जर (निवासी- लहरचा चक, चाचौड़ा, गुना को पुलिस टीमें गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है.